अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Daily Top News Analysis

## DAILY

# CURRENT AFFAIRS

## 17 NOVEMBER, 2022

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. भारत 1 दिसंबर से G20 की अध्यक्षता करेगा।**




- 2024 में ब्राजील इसकी प्रेसिडेंसी संभालेगा।
- समिट के दूसरे और आखिरी दिन इंडोनेशिया ने इसकी अध्यक्षता भारत को सौंपी।
- भारत 1 दिसंबर से नई दिल्ली में G-20 समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- दिसम्बर 2022 में इसका इनॉगरल सेशन उदयपुर में होगा।
- राजस्थान के तीन शहर इस बार मेजबानी करेंगे।
- उदयपुर और जोधपुर के साथ जयपुर में भी कॉन्फ्रेंस होंगी।
- G20 समूह फोरम में 20 देश हैं। इसमें दुनिया के डेवलप्ड और डेवलपिंग इकोनॉमी वाले देश हैं।
- 19 चीन, देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, साउथ कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (EU) शामिल हैं।

**2. मालाबार युद्धाभ्यास का 26 वां संस्करण जापान में आयोजित**




- जापान के योकोसूका में आयोजित मालाबार युद्धाभ्यास का 26वां एडिशन मंगलवार को खत्म हो गया। 9 नवंबर को शुरू हुए इस युद्धाभ्यास में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने हिस्सा लिया।
- मालाबार अभ्यास साल 1992 में भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू किया गया था।
- फिर 2015 में इसमें जापान और 2020 में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गया, जिससे इस युद्धाभ्यास की लोकप्रियता और बढ़ गई।
- चारों देशों ने बढ़ दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में चीन के बढ़ते सैन्य दखल से उत्पन्न वैश्विक चिंताओं के बीच यह युद्धाभ्यास किया था।

**3. नासा का मून मिशन 'आर्टेमिस-1' लॉन्च**



- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का मून मिशन 'आर्टेमिस-1' आज लॉन्च हो गया है।
- रॉकेट ने फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार 12.17 बजे उड़ान भरी। लॉन्चिंग का ओरिजिनल समय सुबह 11.34 बजे था।
- नासा का मून मिशन लॉन्च: रॉकेट से स्पेसक्राफ्ट अलग हुआ, यह चांद का चक्कर लगाएगा; 25 दिन बाद पृथ्वी पर लौटेगा
- यह चांद की कक्षा में सैटेलाइट्स भी छोड़ेगा।
- कुछ हफ्ते स्पेस में बिताने के बाद यह 11 दिसंबर को प्रशांत महासागर में आ गिरेगा।

**4. काशी तमिल संगमम 17 नवंबर 2022 से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शुरू होगा**



- काशी तमिल संगमम 17 नवंबर 2022 से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शुरू होगा।
- केंद्र सरकार "आजादी का अमृत महोत्सव" के एक भाग के रूप में महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगमम का आयोजन कर रही है।
- संगमम का आयोजन 17 नवंबर, 2022 से 16 दिसंबर, 2022 तक होना है।
- कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

**5. राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2022: 16 नवंबर**




- हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है।
- यह एक लोकतांत्रिक समाज में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस के महत्व को पहचानने के लिए मनाया जाता है।
- यह प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की स्थापना को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।
- 1956 में, प्रथम प्रेस आयोग ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक प्रेस परिषद बनाने की योजना बनाई।

**6. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार अधिनियम (पेसा) लागू किया गया है।**




- पेसा अधिनियम का उद्देश्य ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ आदिवासी आबादी को शोषण से बचाना है।
- यह अनुसूचित क्षेत्रों में विशेष रूप से प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार देता है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहडोल जिले में 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एक समारोह में इसकी औपचारिक घोषणा की।

पेसा (PESA) 1996:

- संसद ने इसे संविधान के भाग IX को दस राज्यों के पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिए अधिनियमित किया ।
- ये दस राज्य आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना हैं।
- छह राज्य अर्थात्; आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तेलंगाना ने फरवरी, 2022 तक अपने राज्य पेसा नियमों को अधिसूचित कर दिया है।

**7. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भारत दो पायदान ऊपर आ गया है।**



- भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2023 (सीसीपीआई) में 63 देशों में से 8वें स्थान पर है।
- 2022 और 2021 की रैंकिंग में भारत 10वें स्थान पर था।
- भारत मे या शर्जित की है कोएल करने की आप आर 2070 शुद्ध- का घाषणा की।
- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक जर्मनवाच, न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- यह यूरोपीय संघ और 59 देशों के जलवायु प्रदर्शन को ट्रैक करता है।
- डेनमार्क, स्वीडन और चिली क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं।
- ब्रिटेन को 11वें स्थान पर, जर्मनी को 16वें स्थान पर रखा गया है, जबकि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका को क्रमशः 51वें और 52वें स्थान पर रखा गया है।
- चीन इस साल रेटिंग में 13 पायदान नीचे गिरा है। संयुक्त राज्य अमेरिका तीन रैंक बढ़ा है।

8. **IOA एथलीट आयोग के सदस्यों के रूप में 4 भारतीय खिलाड़ियों को चुना**



- एमसी मैरी कॉम, पीवी सिंधु, मीराबाई चानू और गगन नारंग को आईओए एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में चुना गया है।
- वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) एथलीट आयोग के सदस्यों के रूप में चुने गए 10 प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से हैं।
- सभी 10 सदस्यों (5 पुरुष और 5 महिलाएं) ने निर्विरोध चुनाव जीता।
- निर्वाचित पैनल के अन्य छह सदस्य अगली तालिका में दिए गए हैं। ये सभी ओलंपियन हैं।
  - ओलंपियन शिव केशवन
  - टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल
  - महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल
  - फ़ेसर (तलवारबाज) भवानी देवी
  - रोवर बजरंग लाल
  - पूर्व शॉट पुटर ओम प्रकाश सिंह करहाना
- पूर्व विश्व और ओलंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा और पूर्व हॉकी कप्तान सरदार सिंह पदेन सदस्य के रूप में एथलीट आयोग का हिस्सा होंगे।

9. **तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल - 22' का तीसरा संस्करण 15-16 नवंबर 22 को आयोजित**



- 'पैन-इंडिया' तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल - 22' का तीसरा संस्करण 15-16 नवंबर 22 को आयोजित किया गया है।
- इस राष्ट्रीय स्तर के तटीय रक्षा अभ्यास की परिकल्पना 2018 में की गई थी, ताकि विभिन्न उपायों को मान्य किया जा सके।
- '26/11' मुंबई आतंकी हमले के बाद से समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना, तटीय सुरक्षा, तटीय रक्षा निर्माण का एक प्रमुख उप-समूह होने के नाते, 'सी विजिल' की अवधारणा पूरे भारत में तटीय सुरक्षा तंत्र को करने और व्यापक तटीय रक्षा तंत्र का आंकलन करने के लिए है।

10. **श्रीलंका 2024 में करेगा अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी**




- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार (13 नवंबर) को 2024 से 2027 तक होने वाले अंडर-19 क्रिकेट के बड़े टूर्नामेंट का एलान कर दिया है।
- श्रीलंका को 2024 अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली है। वहीं, 2026 में यह टूर्नामेंट जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा।
- 2025 में अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी मलेशिया और थाईलैंड को संयुक्त रूप से मिली है।
- वहीं, 2027 में इसका आयोजन बांग्लादेश और नेपाल में संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. 2024 में कौन सा देश T20 की प्रेसिडेंसी या अध्यक्षता संभालेगा?
   (a) भारत
   (b) ब्राज़ील
   (c) इंडोनेशिया
   (d) अमेरिका
2. मालाबार युद्धाभ्यास का 26 वां संस्करण किस देश में आयोजित किया जा रहा है?
   (a) भारत
   (b) जापान
   (c) ऑस्ट्रेलिया
   (d) अमेरिका
3. हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी ने मून मिशन 'आर्टेमिस-1' को लॉन्च किया है?
   (a) नासा
   (b) इसरो
   (c) जकसा
   (d) कोई नहीं
4. 17 नवंबर 2022 से काशी तमिल संगमम किस शहर में शुरू हुआ है?
   (a) जयपुर
   (b) वाराणसी
   (c) भोपाल
   (d) लखनऊ
5. राष्ट्रीय प्रेस दिवस कब मनाया जाता है?
   (a) 14 नवंबर
   (b) 15 नवंबर
   (c) 16 नवंबर
   (d) 17 नवंबर
6. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों या जनजातियों के लिए पैसा अधिनियम लागू किया गया है?
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) मध्य प्रदेश
   (c) अरुणाचल प्रदेश
   (d) राजस्थान
7. IOA एथलीट आयोग के सदस्यों के रूप में कितने भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है?
   (a) 2
   (b) 3
   (c) 4
   (d) 5
8. भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2023 में भारत कौन से स्थान पर रहा है?
   (a) सातवा
   (b) आठवां
   (c) नवां
   (d) दसवां
9. हाल ही में तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल - 2022' का कौन सा संस्करण 15 से 16 नवंबर 2022 के बीच आयोजित किया गया है?
   (a) पहला
   (b) दूसरा
   (c) तीसरा
   (d) चौथा
10. निम्न में से कौन सा देश अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा?
   (a) भारत
   (b) श्रीलंका
   (c) चाइना
   (d) जापान

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (a) | (b) | (c) | (b) | (c) | (b) | (c) | (b) |